टी20 श्रृंखला में भारत का पलड़ा भारी, युवाओं को मिलेगा मौका

टी20 प्रारूप में ढलते हुए पांच मैचों की श्रृंखला का पहला मैच आज होगा

एजेंसी

तारोबा। एक दिवसीय श्रृंखला जीतने के 48 घंटे के भीतर भारतीय क्रिकेट टीम अब टी20 प्रारूप में ढलते हुए पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में वीरवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ उतरेगी तो युवा खिलाडियों के लिये यह खुद को साबित करने का सुनहरा मौका होगा । भारत ने तीन मैचों की वनडे श्रृंखला 2 . 1 से जीती और टी20 प्रारूप में भी उसका पलड़ा भारी रहने की उम्मीद है । हरफनमौला हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली टीम में यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा और मुकेश कुमार जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं । इंडियन प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन के दम पर वर्मा और जायसवाल को पहली बार भारतीय टी20 टीम में मौका मिला है और वे इसका पूरा फायदा उठाना चाहेंगे ।

दूसरी ओर अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने पहली बैठक में संजू सैमसन पर भरोसा जताया है जिस पर यह विकेटकीपर बल्लेबाज खरा उतरना चाहेगा । रवि बिश्नोई की टीम में

वापसी हुई है जो युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल के साथ स्पिन की बागडोर संभालेंगे । भारतीय शीर्षक्रम में ईशान किशन, शुभमन गिल और जायसवाल जैसे बल्लेबाज हैं जबकि मध्यक्रम में हार्दिक और सूर्यकुमार यादव के रहते बल्लेबाजी क्रम काफी मजबूत लग रहा है । सिक्के की उछाल पक्ष में रहने पर भारतीय टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में सक्षम है । वहीं वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे वनडे में तीन विकेट लेने वाले मुकेश कुमार के अलावा भारत के पास तेज गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक और आवेश खान जैसे गेंदबाज हैं । अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के मद्देनजर ये अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे । जहां तक वेस्टइंडीज का सवाल है तो टेस्ट और वनडे श्रृंखला हारने के बाद उसका मनोबल वैसे ही गिरा हुआ है । रोवमैन पॉवेल की कप्तानी वाली 15 सदस्यीय टीम को मजबूती देने के लिये शाइ होप और तेज गेंदबाज ओशाने थॉमस को बुलाया गया है । वनडे श्रृंखला में वेस्टइंडीज के कप्तान रहे होप ने आखिरी बार टी20 पिछले साल कोलकाता में भारत के खिलाफ खेला था। वहीं थॉमस ने आखिरी टी20 दिसंबर 2021 में कराची में खेला था ।

ये खिलाड़ी टीमों में शामिल

भारत: हार्दिक पंड्या (कप्तान), ईशान किशन , शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल,कुलदीप यादव, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक, आवेश खान, मुकेश कुमार।

वेस्टइंडीज: रोवमैन पॉवेल (कप्तान), काइल मायर्स, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेस, शिमरोन हेटमायेर, जैसन होल्डर, शाइ होप, अकील हुसैन, अलजारी जोसेफ, ब्रेंडन किंग, ओबेद मैकॉय, निकोलस पूरन, रोमारियो शेफर्ड, ओडियन स्मिथ, ओशाने थॉमस ।

लारा ने गिल और किशन से कहा, तीसरी एकादश भी उतार सकता है भारत

तारोबा (त्रिनिदाद)। भारतीय क्रिकेट में युवा प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है और दिग्गज बल्लेबाज ब्रायन लारा का मानना है कि देश की सीनियर पुरुष टीम इस समय दो नहीं बल्कि 'तीसरी एकादश' भी उतार सकती है। महान बल्लेबाजों में शामिल लारा शुभमन गिल और इशान किशन के साथ बातचीत के दौरान यह बात कही। भारत ने गिल और इशान के अर्धशतक से मंगलवार को निर्णायक तीसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में वेस्टइंडीज को 200 रन से हराया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की वेबसाइट पर डाले गए वीडियो में लारा ने भारतीय क्रिकेटरों से बात करते हुए कहा, ''भारत मेरे लिए दूसरे घर की तरह है। मैंने हमेशा से भारत में युवा प्रतिभावान खिलाड़ियों को सामने आते हुए देखा है।'

भारत से 14 अक्टूबर को खेलने पर राजी पाकिस्तान, श्रीलंका से मुकाबला 10 को

एजेंसी

कराची। भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप का बहुचर्चित मुकाबला 15 की बजाय 14 अक्टूबर को अहमदाबाद में होगा और पीसीबी अपने दो मैचों की तारीखों में बदलाव के आईसीसी और बीसीसीआई के प्रस्ताव पर सहमत हो गया है । पाकिस्तानी टीम अब श्रीलंका के खिलाफ हैदराबाद में 12 अक्टूबर की बजाय 10 अक्टूबर को खेलेगी जिससे भारत के खिलाफ मैच से पहले तीन दिन का समय मिल जायेगा । नवरात्रि का पहला दिन होने के कारण भारत और पाकिस्तान मैच एक दिन पहले कराया जा रहा है। आईसीसी और बीसीसीआई ने पीसीबी से उसके दो मैचों के कार्यक्रम में बदलाव के लिये संपर्क किया था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद जल्दी ही संशोधित कार्यक्रम जारी करेगी क्योंकि कुछ और मैचों के कार्यक्रम में बदलाव हुआ है।

पाकिस्तानी टीम का आईसीसी विश्व कप 2023 का मौजूदा कार्यक्रम

छह अक्टूबर: बनाम नीदरलैंड, हैदराबाद
12 अक्टूबर: बनाम श्रीलंका , हैदराबाद
15 अक्टूबर: बनाम भारत, अहमदाबाद
20 अक्टूबर: बनाम आस्ट्रेलिया, बेंगलुरू
23 अक्टूबर: बनाम अफगानिस्तान, चेन्नई
27 अक्टूबर: बनाम द. अफ्रीका, चेन्नई
31 अक्टूबर - बनाम बांग्लादेश, कोलकाता
चार नवंबर :बनाम न्यूजीलैंड, बेंगलुरू

पाकिस्तान को सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल की स्वीकृति का इंतजार

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को 50 ओवर के विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम को भेजने की स्वीकृति मिलने की उम्मीद है लेकिन इससे पहले एक सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल भारत का दौरा करेगा और अपनी स्वीकृति देगा। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने समीक्षा करने और विश्व कप में भारत के प्रतिनिधित्व पर फैसला करने के लिए एक समिति का गठन किया है। समिति विदेशी मंत्री बिलावल भुट्टो की अध्यक्षता गुरुवार को पहली बार बैठक करेगी। पीसीबी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जका अशरफ भी बैठक में हिस्सा लेंगे। समिति के करीबी एक सूत्र ने बताया, ''समिति के सिफारिश करने की उम्मीद है कि एक शीर्ष स्तरीय सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान के विश्व कप मुकाबलों के सभी आयोजन स्थलों का दौरा करने भारत जाएगा और सुरक्षा तथा अन्य इंतजामों की समीक्षा करेगा।' इस 14 सदस्यीय समिति में विभिन्न मंत्रियों और सलाहकारों को जगह मिली है। इसमें विदेश मंत्री के अलावा गृह मंत्री, कानून मंत्री, अंतर प्रांतीय समन्वयक मंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्री, कश्मीर मामलों के सलाहकार, विदेश सचिव के अलावा खुफिया एजेंसियों और अन्य संवेदनशील विभाग के प्रतिनिधि शामिल है। सूत्र ने कहा कि सैद्धांतिक रूप से पाकिस्तान के भारत में खेलने को लेकर कोई आपत्ति नहीं है लेकिन समिति आश्वासन चाहती है कि खिलाड़ियों, अधिकारियों, प्रशंसकों और मीडिया को कोई परेशानी नहीं हो। पाकिस्तान ने पिछली बार 2016 टी20 विश्व कप के लिए भारत का दौरा किया था। दोनों देशों के बीच 2012-13 से द्विपक्षीय क्रिकेट नहीं हुआ है और पिछली टेस्ट श्रृंखला भारत में 2007 में हुई थी।

अगर टीम हांगझोउ में नहीं जीत पाती तो क्वालीफायर के लिए पाकिस्तान जाएगी

⇨ नियमों के अनुसार एशियाड में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम को सीधे ओलंपिक में जगह मिलेगी: टिर्की

एजेंसी

चेन्नई। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि राष्ट्रीय पुरुष टीम अगर 23 सितंबर से शुरु होने वाले आगामी हांगझोऊ खेलों से 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने में विफल रहती है तो क्वालीफायर खेलने के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगी।

नियमों के अनुसार एशियाड में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम को सीधे ओलंपिक में जगह मिलेगी लेकिन अन्य देशों को क्वालीफायर खेलने होंगे और इस बार इनके आयोजन के स्थल के तौर पर पाकिस्तान और स्पेन की पहचान की गयी है। टिर्की ने बुधवार को यहां एशियाई चैम्पियंस ट्राफी की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, ''हम हांगझोउ में काम पूरा (ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना) करने की कोशिश करेंगे। लेकिन अगर किसी कारण से हम क्वालीफाई नहीं कर पाते तो क्वालीफायर के लिए कुछ स्थल (पाकिस्तान और स्पेन) निर्धारित किये गये हैं। इसलिये जहां भी ये आयोजित होंगे, हम निश्चित रूप से जायेंगे। 'पाकिस्तान जाने के लिए सरकारी मंजूरी की जरूरत होती है और यह देखना होगा कि अगर ऐसी स्थिति

उत्पन्न होती है कि राष्ट्रीय हॉकी टीम को क्वालीफायर खेलने के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने की जरूरत होगी तो केंद्र का रूख क्या रहता है। जब पूछा गया कि खिलाड़ी चीन के लिये रवाना होने से पहले एशियाई चैम्पियंस ट्राफी खेलकर खुद पर चोटिल होने का जोखिम उठा रहे हैं तो टिर्की ने कहा कि कोई खिलाड़ी ट्रेनिंग या अभ्यास मैचों के दौरान भी चोटिल हो सकता है। उन्होंने कहा कि ध्यान देने वाली सबसे अहम चीज यह है कि हम प्रत्येक बड़े टूर्नामेंट से पहले अभ्यास मैच खेलते हैं।

एशियाई खेलों की तैयारी को पुख्ता करने उतरेगी भारतीय टीम

एजेंसी

चेन्नई। खिताब की प्रबल दावेदार और तीन बार की चैम्पियन भारतीय टीम यहां बृहस्पतिवार से शुरू हो रही एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के जरिये एशियाई खेलों की अपनी तैयारी पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी । विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज भारत टूर्नामेंट की सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है और यहां राधाकृष्णन स्टेडियम पर चीन के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। इस मैदान पर 2007 के बाद पहली बार कोई बड़ा टूर्नामेंट हो रहा है।

भारत 2011 के बाद पहली बार एसीटी की मेजबानी कर रहा है । भारतीय टीम का मकसद अपने खिलाड़ियों को आजमाना और एशियाई प्रतिद्वंद्वियों का आकलन करना होगा । एशियाई खेल चीन के हांगझोउ में 23 सितंबर से आठ अक्टूबर के बीच खेले जायेंगे ।

⇨ एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी आज से शुरू

एशियाई खेलों के जरिये पेरिस ओलंपिक का सीधे टिकट मिलेगा लिहाजा भारतीय टीम एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी को हलके में नहीं लेगी । इसके साथ ही खिलाड़ियों को एशियाई खेलों के लिये तरोताजा और चोटमुक्त भी रखना होगा । एशियाई खेलों से महज पांच सप्ताह पहले एसीटी के आयोजन पर टीमों ने ऐतराज जताया है लेकिन भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा ,''आपको मैच अभ्यास चाहिये और इसलिये खेलना जरूरी है । अच्छी बात यह है कि इसका आयोजन भारत में ही हो रहा है ।' उन्होंने कहा ,'' हम सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पक्ष देख रहे हैं । हमें अतिरिक्त खिलाड़ियों को भी देखना होगा क्योंकि चोट किसी भी टीम या खिलाड़ी के लिये अच्छी नहीं होती।'

डियानी की हैट्रिक, फ्रांस ने पनामा को 6-3 से हराया

सिडनी। कादिदियातू डियानी की हैट्रिक की बदौलत फ्रांस ने बुधवार को यहां पनामा पर 6-3 की जीत से महिला विश्व कप के नॉकआउट दौर में प्रवेश किया। दुनिया की पांचवें नंबर की टीम ने शुरुआती झटके से उबरते हुए ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया। जमैका ने ब्राजील से गोलरहित ड्रा खेला जिससे वह दूसरे स्थान पर है। मार्टा कॉक्स ने दूसरे ही मिनट में गोल कर पनामा को बढ़त दिला दी। माएले लाकरार 21वें मिनट में फ्रांस को बराबरी दिलायी। डियानी ने 28वें, 37वें और 52वें मिनट में गोल कर हैट्रिक लगायी। फ्रांस के लिए लिया लि गारेक और विकी बेचो ने अन्यदो गोल किये। पनामा की ओर से योमिरा पिनजोन और लिनेथ सेडेनो ने एक एक गोल दागे। फ्रांस ने जमैका से शुरुआती मैच में गोलरहित ड्रा खेला था। लेकिन उसने ब्राजील और 52वीं रैंकिंग की पनामा पर जीत से ग्रुप में पहला स्थान प्राप्त किया।

भारत में मिलता है घर जैसा प्यार: पाक कोच रेहान बट

एजेंसी

नई दिल्ली। अपने खेलने के दिनों में भारत में काफी लोकप्रिय रहे पाकिस्तान हॉकी के पूर्व स्टार फॉरवर्ड और मौजूदा कोच रेहान बट का कहना है कि दुनिया में सबसे ज्यादा मजा उन्हें भारत में ही खेलने में आया है जहां उन्हें हमेशा घर जैसा प्यार मिला है और अब समय आ गया है कि दोनों एशियाई दिग्गजों के बीच द्विपक्षीय हॉकी बहाल की जाये । तीन ओलंपिक और दो विश्व कप समेत पाकिस्तान के लिये 274 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके रेहान चेन्नई में एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये आई पाकिस्तानी टीम के कोच हैं । भारत और पाकिस्तान के बीच टूर्नामेंट का बहुचर्चित मुकाबला नौ अगस्त को होना है। रेहान ने भाषा को दिये इंटरव्यू में कहा ,'' मैने सुना है कि भारत पाकिस्तान मैच के सारे टिकट बिक गए हैं । इस मैच का जबर्दस्त क्रेज है और मुझे लगता है कि भारत पाकिस्तान हॉकी की इस लोकप्रियता को भुनाने के लिये द्विपक्षीय हॉकी फिर शुरू होनी चाहिये । प्रायोजकों, प्रसारकों और खिलाड़ियों सभी को इससे फायदा होगा ।' जर्मनी में चैम्पियंस ट्रॉफी 2002 में आखिरी मिनटों में दो गोल करके पाकिस्तानी टीम को भारत पर चमत्कारिक जीत दिलाने वाले बट ने कहा ,'' मैने दुनिया भर में हॉकी खेली है लेकिन जो मजा हिंदुस्तान में खेलने में आता था, वह और कहीं नहीं।

ऐसा लगता था मानो हम पाकिस्तान में ही खेल रहे हैं । यहां हमें हमेशा बहुत प्यार मिला और अच्छे दोस्त भी बने ।'पाकिस्तान ने एसीटी में युवा टीम भेजी है जिसमें अधिकांश खिलाड़ी जूनियर एशिया कप टीम के हैं और मकसद एशियाई खेलों के लिये सही संयोजन तलाशना है । रेहान ने कहा ,''पिछले दो ओलंपिक के लिये क्वालीफाई नहीं कर पाने के बाद हमने इस बार दीर्घकालिन रणनीति बनाई है । टीम में कप्तान उमर भुट्टा और राणा वाहिद ही अनुभवी खिलाड़ी हैं और करीब 70 प्रतिशत खिलाड़ी तो सीनियर स्तर पर भारत का सामना पहली बार ही करेंगे ।'आखिरी बार चेन्नई में 2007 एशिया कप में खेलने वाले इस स्टार फॉरवर्ड ने भारत के खिलाफ मैच के दबाव के बारे में कहा ,'' चूंकि हमारी टीम युवा है और भारत दुनिया की चौथे नंबर की टीम है तो खिलाड़ियों पर दबाव तो रहेगा ही।

सु-डोकू-5691

				4				3
		1			3		5	
		3			6	1	9	
2				1			6	
			4		8			
	3			2				4
	9	6	8			2		
	7		3			8		
3				7				

खड़े खड़े व 3×3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। पहेली के एक से अधिक हल हो सकते हैं।

सु-डोकू 5690 का उत्तर

2	3	5	9	7	4	6	8	1
7	8	6	5	1	3	2	4	9
9	1	4	8	6	2	3	7	5
1	4	9	2	8	5	7	6	3
3	7	8	4	9	6	5	1	2
5	6	2	1	3	7	8	9	4
6	9	1	3	2	8	4	5	7
8	5	3	7	4	9	1	2	6
4	2	7	6	5	1	9	3	8

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की टीम के अंक कटे

एजेंसी

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को कहा कि उसने हाल में संपन्न एशेज श्रृंखला के दौरान धीमी ओवर गति के लिए इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया दोनों के अंक काटे हैं और दोनों पर मैच फीस का जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर जारी विज्ञप्ति में कहा कि इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया पर निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर कम फेंकने के लिए एक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) अंक का जुर्माना और मैच फीस काटी गई है। पांच टेस्ट की एशेज श्रृंखला 2-2 से बराबर रही। आईसीसी ने कहा, ''संशोधित नियमों के

⇨ एशेज में धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

तहत उन पर निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर कम फेंकने के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना और एक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक काटा गया है।' डब्ल्यूटीसी चक्र 2023-25 में प्रत्येक टेस्ट जीतने पर 12 अंक और ड्रॉ होने पर चार अंक दिए जाते हैं। चौथे टेस्ट में धीमी ओवर गति के लिए ऑस्ट्रेलिया के 10 अंक काटे गए। मेजबान इंग्लैंड को हालांकि एशेज श्रृंखला में ज्यादा नुकसान हुआ और पांच में से चार टेस्ट में धीमी ओवर गति के लिए उसके 19 अंक काटे गए। आईसीसी ने कहा, ''इंग्लैंड ने एजबस्टन में पहले टेस्ट में निर्धारित समय में दो ओवर कम फेंके, लार्ड्स में दूसरे टेस्ट में नौ, ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथे टेस्ट में तीन और द ओवल में पांचवें और अंतिम टेस्ट में पांच ओवर कम फेंके।'इस तरह इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में दो, दूसरे टेस्ट में नौ, चौथे टेस्ट में तीन ओर पांचवें टेस्ट में पांच अंक से कुल 19 अंक गंवाए। ओवर गति से जुड़ी नई सजा की घोषणा पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका में आईसीसी के वार्षिक सम्मेलन के दौरान की गई थी और इसे तुरंत प्रभाव से लागू किया गया।

कैसा रहेगा आज आपका दिन

डॉ. सुरेश मिश्रा, डायरेक्टर-कॉस्मिक एस्ट्रो प्रा. लि., पिपली (कुरुक्षेत्र)

3-8-2023 ,गुरुवार, विक्रमी सम्वत 2080 , अधिक श्रावण मॉस, कृष्ण पक्ष, द्वितीया तिथि , धनिष्ठा नक्षत्र ,चंद्रमा कुम्भ राशि में, राहु काल दोपहर 1:30 से 3 बजे तक।

मेष। आज निजी व्यापारिक कार्यों में सफलता मिलेगी। अच्छे स्वास्थ्य हेतु खान पान सुधारें। अपनी कार्य योजना पर उचित कर्म करना जरूरी है।

वृष। आप आपका दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। निजी व्यापार-व्यवसाय में अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। निजी व्यवसायिक कार्य में लापरवाही मत करें।

मिथुन। आज अपने नकारात्मक सोच पर नियंत्रण रखें। आलस्य से बचकर कार्य करना ही लाभप्रद रहेगा। किसी भी कार्य में जल्दबाजी मत करें।

कर्क। आज आपकी पठन-पाठन में रुचि बढेगी। आपकी आर्थिक स्थिति उत्तम रहेगी। प्रतिस्पर्धा में सफलता प्राप्त होने के योग है।

सिंह। आज आने वाले धन में थोड़ा विलंब होगा। पूंजी निवेश में लाभ हो सकता है। अपने स्वास्थय पर ध्यान देवें।

कन्या। आज आपकी अध्यात्म क्षेत्र में रुचि बढ़ेगी। आपका परिवार और समाज में महत्व बढ़ेगा। रुके हुए कार्य में सफलता मिलेगी।

तुला। आज अपनी बोलचाल पर ध्यान दें। निजी कार्य में सफलता हेतु ईश्वरीय ध्यान करने से ही मार्गदर्शन मिलेगा । व्यापार में उचित निर्णय अपने अनुभव से लीजिए।

वृश्चिक। आपका सामाजिक क्षेत्र विकसित होगा। आपका पारिवारिक जीवन उत्साहपूर्ण रहेगा और नवीन व्यापार लाभप्रद रहेगा।

धनु। आज आपके पारिवारिक जीवन में खुशहाली रहेगी। धार्मिक कार्य में रुचि बढ़ेगी। सुख-समृद्धि बढ़ेगी और उचित निर्णय लेने पर लाभ होगा।

मकर। आज विशेष अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आप व्यर्थ खर्चों से बचाव रखें।व्यापार में लाभकारी परिवर्तन हो सकते है।

कुम्भ। आज परिवार के सहयोग से सफलता मिलेगी। स्थायी संपत्ति प्राप्ति के योग है। निजी व्यापार में उन्नति प्राप्त करेंगे।

मीन। आज महत्वपूर्ण विचार-विमर्श होंगे। महत्वपूर्ण लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी।

दक्षिण अफ्रीका नॉकआउट दौर में पहुंचा

वेलिंगटन (न्यूजीलैंड)। दक्षिण अफ्रीका ने थेम्बी कगातलाना के अंत में किये गये गोल की मदद से बुधवार को यहां इटली पर 3-2 की जीत से महिला विश्व कप के नॉकआउट दौर में प्रवेश किया। दक्षिण अफ्रीका ने पहली बार विश्व कप के अंतिम 16 में जगह बनायी। हिल्डा मगाइया ने 67वें मिनट में किये गये गोल से दक्षिण अफ्रीका को 2-1 से बढ़त दिलायी।इससे पहले आरियाना कारूसो ने 11वें मिनट में इटली को बढ़त दिलायी थी। बेनेडेटा ओरसी के 32वें मिनट में आत्मघाती गोल दागकर दक्षिण अफ्रीका को बराबरी पर ला दिया। कारूसो ने इटली के लिये 74वें मिनट में गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर किया। कगातलाना ने 90+2वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को नॉकआउट पहुंचा दिया, वहीं आठवीं रैंकिंग की इटली महज ड्रा से भी अगले दौर में पहुंच सकती थी। दक्षिण अफ्रीका अब रविवार को राउंड 16 मैच में नीदरलैंड से खेलेगा।

सार्वजनिक सूचना

हर आम वा खास को सूचित किया जाता है कि श्रीमति बचितर कौर विधवा स्व0 श्री अवतार सिहं पुत्र श्री वरयाम सिहं निवासी मकान नं. 77, तिलक नगर यमुनानगर, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर में एक किता दुकान,जिसका प्रोपर्टी आई.डी. नंबर - 1KDA1U05, रकबा 16.74 वर्गगज, वाका विश्वकर्मा मोहल्ला यमुनानगर, तहसील जगाधरी का वसीका पंजीकृत मृतक श्री अवतार सिहं के वारसान रिपोर्ट के आधार पर पंजीकृत करने का अनुरोध किया है। प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत कागजात अनुसार उक्त सम्पति बरूयें वैयनामा प्रलेख नं. 7015, तिथि 22-10-2014, उनके पति स्व0 श्री अवतार सिहं के नाम था ।जिनका देहान्त दिनांक 24-11-2015 को हो चुका है और अब मेरे पति स्व0 श्री अवतार सिहं की मृत्यु के उपरान्त उनके हम कुल चार वारिस है। जिनमें सुखजिन्द्र सिहं या अमनदीप सिहं पुत्रान व श्रीमति सुखमीतकौर पुत्री व श्रीमति बचितर कौर विधवा श्री अवतार सिहं है।

अत: इस नोटिस के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मृतक श्री अवतार सिहं की मृत्यु उपरान्त उनके वारसान के द्वारा प्रस्तुत वसीका का पंजीकरण करने बारें यदि किसी व्यक्ति को कोई एतराज हो तो वह 7 दिन के अन्दर अन्दर निम्न हस्ताक्षरी के कार्यालय में एतराज प्रस्तुत कर सकता है। बाद गुजरने मियाद प्राप्त होने वालें एतराज पर विचार नही किया जायेगा।

सब रजिस्ट्रार, जगाधरी

सार्वजनिक सूचना

हर आम वा खास को सूचित किया जाता है कि श्रीमति बचितर कौर विधवा स्व0 श्री अवतार सिहं पुत्र श्री वरयाम सिहं निवासी मकान नं. 77, तिलक नगर यमुनानगर, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर में एक किता मकान, जिसका प्रोपर्टी आई. डी. नंबर -1K6Q3QY0, रकबा 250 वर्गगज, वाका मीजा ससौली मीसुमा तिलक नगर यमुनानगर, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर का वसीका पंजीकृत मृतक श्री अवतार सिहं के वारसान रिपोर्ट के आधार पर पंजीकृत करने का अनुरोध किया है। प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत कागजात अनुसार उक्त सम्पति बरूयें वैयनामा प्रलेख नं. 4586, तिथि 17-02-2003, उनके पति स्व0 श्री अवतार सिहं के नाम था । जिनका देहान्त दिनांक 24-11-2015 को हो चुका है और अब मेरे पति स्व0 श्री अवतार सिहं की मृत्यु के उपरान्त उनके हम कुल चार वारिस है। जिनमें सुखजिन्द्र सिहं या अमनदीप सिहं पुत्रान व श्रीमति सुखमीतकौर पुत्री व श्रीमति बचितर कौर विधवा श्री अवतार सिहं है।

अत: इस नोटिस के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मृतक श्री अवतार सिहं की मृत्यु उपरान्त उनके वारसान के द्वारा प्रस्तुत वसीका का पंजीकरण करने बारें यदि किसी व्यक्ति को कोई एतराज हो तो वह 7 दिन के अन्दर अन्दर निम्न हस्ताक्षरी के कार्यालय में एतराज प्रस्तुत कर सकता है। बाद गुजरने मियाद प्राप्त होने वालें एतराज पर विचार नही किया जायेगा।

सब रजिस्ट्रार, जगाधरी

भारतीय आईटी एवं कौशल विकास संस्थान
INDIAN INSTITUTE OF IT & SKILL DEVELOPMENT
SCF-61-62, Defence Colony, Street No. 04, Karnal Road, Kaithal
Email: info@iiitsd.org, Toll Free : 857-2867-438

PUBLIC NOTICE

Kind Attention:
Candidates /Student is to inform that, **Indian Institute of IT & Skill Development** now merged under the **IIITSD Pvt. Ltd.**
IIITSD is an autonomous body for Vocational and Industrial Education, Training and Skill Development Registered under Govt. of India. Its offers own programs in various areas for achieving total literacy in India, as such all its programs are meant for Value Addition and Entrepreneurship Development. If anyone have some requirement/query regarding Attendance Sheet/Question Paper/Exam Sheet Materials/DMC/ Roll No. etc. for Indian Institute of IT & Skill Development. After this 15 day we will erase all manually data regarding above said particulars. Digital data is available for necessary correspondence.
Please feel free to contact or e-mail the undersigned within a stipulated period of one month.

Managing Director

नाम परिवर्तन

मैं पंकज कुमार पुत्र श्री जसपाल, निवासी मकान नं० 271/14, कैलाश नगर, गली नं० 8, नजदीक राम मंदिर, कुरुक्षेत्र, तहसील थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र ब्यान करता हूं कि मैंने अपना नाम पंकज से बदलकर पंकज कुमार रख लिया है। अब मुझे पंकज कुमार के नाम से जाना जाए।

नाम परिवर्तन

मैं डिंपल रानी पत्नी श्री राहुल राणा, निवासी गांव नौच, जिला कैथल की हूं तथा ब्यान करती हूं कि मैंने अपना नाम डिंपल से बदलकर डिंपल रानी रख लिया है। भविष्य में मुझे डिंपल रानी के नाम से जाना जाए।

नाम परिवर्तन

मैं चरनजीत सिंह (आधार नं. 589383929333) पुत्र श्री संत सिंह निवासी गांव निवारसी, तहसील लाडवा, जिला कुरुक्षेत्र ब्यान करता हूं कि मुझे चरनजीत मुलतानी व चरनजीत सिंह दो नामों से जाना जाता है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति यानी मेरे हैं।

बेदखली सूचना

मैं महेन्द्र पुत्र धर्मचन्द निवासी वार्ड नं. 3, चरखी दादरी, तहसील व जिला चरखी दादरी ब्यान करता हूं कि मैं अपने लड़के रूपेश व पुत्रवधू रेन्शु को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे और मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मैं सुमन वाला पत्नी विनित राजपाल निवासी मकान नं. 242/29, राणा प्रताप गली, चक्रवर्ती मोहल्ला, तहसील थानेसर, कुरुक्षेत्र हरियाणा ब्यान करती हूँ कि मेरा भाई कृष्ण कुमार पुत्र लीला कृष्ण व उसकी पत्नी नीलम रानी निवासी हिसार से मेरा अब कोई रिश्ता नहीं है व इससे मैं अपना सम्बन्ध विच्छेत करती हूं। भविष्य में यदि कोई मेरे भाई कृष्ण कुमार व उसकी पत्नी नीलम रानी के साथ कोई लेन देन, किसी प्रकार का कोई व्यवहार करता है या किसी भी प्रकार की परिस्थिति के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे इसमें मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होंगी। संबंधित नोट करें।

बेदखली सूचना

मैं रामस्वरूप पुत्र गेंदा राम, निवासी ग्राम अराईयावाला, उप तहसील प्रतापनगर, तहसील छछरौली, जिला यमुनानगर ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र सुनील कुमार उर्फ बब्बु व उसकी पत्नी विनस दोनों मेरे कहने सुनने से बाहर है और लड़ाई झगड़ा करते है। इसलिए मैं उन दोनों को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

बेदखली सूचना

मैं बिमला धर्म पत्नी स्व. श्री प्रेम निवासी गांव बुढेडा उप तहसील निगदू, जिला करनाल अपने हल्फ से ब्यान करती हूं कि मेरा पुत्र शादी राम व पुत्रवधू रेनू जो कि हमारे पूरे परिवार के कहे सुने से बाहर है। इसलिए मैं उपरोक्त अपने पुत्र शादी राम व पुत्रवधू रेनू को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करती हूं। भविष्य में इन दोनों से कोई लेद देन करेगा तो यह स्वयं जिम्मेवार होंगे। इसमें मेरी व मेरे परिवार की जिम्मेवारी नहीं होगी।